अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 18 अगस्त, 2018 को राजनीति शास्त्र विभाग के अन्तर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में **"भारतीय संविधान और महिलाएँ"** विषय पर अतिथि व्याख्यान कराया गया । यह व्याख्यान आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. रेनू कीर द्वार दिया गया । उन्होंने भारतीय संविधान और महिलाएँ विषय पर छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें संविधान के प्रावधानों के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि कैसे संविधान महिलाओं की स्थिति को सशक्त करने में एक निर्णायक भूमिका निभाता है, जिसमें डॉ. कीर ने डॉ. बी.आर. अम्बेड़कर के विचारों, जो महिला शिक्षा और सशक्तीकरण व संविधान सभा की प्रारूप समीति के अध्यक्ष के रूप में महिलाओं को प्रदान किये अधिकारों का उल्लेख किया । अन्त में उन्होंने छात्राओं को शिक्षित बनने, आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनने व राजनीति नीति निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया । व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों से इस अवसर पर इस विषय से संबंधित प्रश्न पूछे । इस अवसर पर कला संकाय की छात्राएँ राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा श्रीमती रितू व डॉ. विनोद राठी उपस्थित थे ।